पंजाब केसरी 04/12/2024

विचारों में बदलाव लाकर अवसाद जैसी बीमारियों को रोका जा सकता है : डा. दत्त

जी.एम.एन. कॉलेज में फिट इंडिया सप्ताह के अंतर्गत हुई निबंध प्रतियोगिता

अम्बाला, 3 दिसम्बर (बलराम): छावनी के जी.एम.एन. कॉलेज में फिट इंडिया सप्ताह के अंतर्गत प्राचार्य डा. रोहित दत्त की अध्यक्षता में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि जीवन में विचारों में बदलाव लाकर अवसाद जैसी बीमारियों को रोका जा सकता है। विचारों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। फिट इंडिया मूवमैंट जीवन शैली में बदलाव लाने का एक प्रयास है।

कार्यक्रम की संयोजिका डा. भारती विज ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया जा सकता है, क्योंकि युवा ही देश के कर्णधार हैं। कार्यक्रम में 70 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर डा. राजेंद्र देशवाल सहित कालेज स्टाफ़ का विशेष सहयोग रहा।



जी.एम.एन. कॉलेज में फिट इंडिया सप्ताह के अंतर्गत आयोजित निबंध प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। (देवदत्त)